प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.03.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के माध्यम से पेयजल, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और सिवरेज पर 2 सौ 58 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर है। वे पालमपुर में राज्यस्तरीय होली महोत्सव के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के सुधार व विस्तार पर 48 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जबकि पालमपुर शहर में पेयजल सुधार और सिवरेज सुविधा पर एक सौ 35 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली रंगों आपसी भाईचारे, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। अग्निहोत्री ने इस दौरान क्षेत्र में कई विकासात्मक योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास भी किए।

सुजानपुर होली

इस बीच हमीरपुर जिले के सुजानपुर में चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के होली मेले में हिमाचल संस्कृति को बढ़ावा देने और महिला शक्ति के उत्थान के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करवाया जा रहा है। सी.डी.पी.ओ. कुलदीप चौहान ने बताया कि मेले में हर रोज चार से 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन महिला सशक्तिकरण के उदेशय से किया जा रहा है जिनमें मैहंदी, चित्रकारी व अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है। उन्होंने कहा कि इस बार होली मेले में प्रदेश का प्रसिद्ध लोकनृत्य झमाकड़ा का भी आयोजन किया गया, जिसमें करीब चार सौ महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने व उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।

....

वेबिनार

दूसरी ओर, केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। वे आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर एक वेबिनार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के लिए सरकार ने शिकायत निवारण तंत्र को आधुनिक बनाया है।

....

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 20वीं कडी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य–एक एक–सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जी.ओ.वी. ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव 28 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

....

हादसा

चम्बा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत चांजू में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना की श्रमिक कॉलोनी में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सगेड़ निवासी बिंदू के रूप में हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

....

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश मैं मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। जिसके चलते कल सायं से राज्य की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात जबकि कई अन्य स्थानों पर हल्की वर्षा का क्रम रूक–रूक जारी है। बीती रात कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन के तापमान में एकबार फिर कमी दर्ज की गई है। जबकि ऊपरी क्षेत्रों में अभी भी सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना जताई है।